# अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
## का पत्र

*"हितधारकों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता हमारे निरंतर विकास और स्थायी मूल्य के हमारे लक्ष्य में परिलक्षित होती है।"*



**प्रिय हितधारकों,**

हमारे व्यापार की वृद्धि के एक और उल्लेखनीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात् हमारी मजबूत वित्तीय स्थिति और परिचालन उत्कृष्टता पर प्रकाश डालते हुए आपको यह पत्र लिखते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। हितधारकों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता हमारे निरंतर विकास और स्थायी मूल्य के हमारे लक्ष्य में परिलक्षित होती है और पिछले वर्ष के अपने कार्य पर विचार करते हुए, मुझे हितधारकों को मूल्य प्रदान करने में पावरग्रिड द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कदमों को साझा करने में प्रसन्नता हो रही है। यह उपलब्धि नवाचार, निरंतर सुधार और वैश्विक दृष्टिकोण की संस्कृति के माध्यम से ही संभव हो सकी है।

मुझे यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि हमने मई 2024 में ₹3 लाख करोड़ के बाजार पूंजीकरण को पार कर लिया है, यह उपलब्धि एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है जिसे हमने बहुत कम समय में हासिल किया है। दिसंबर 2023 में यह मात्र ₹2 लाख करोड़ था। पिछले चार वर्षों में, पावरग्रिड के बाजार पूंजीकरण में 210% की प्रभावशाली वृद्धि हुई है। इस वर्ष आपकी कंपनी की समेकित आय ₹46,913 करोड़ तक पहुँच गई है, जिसके परिणामस्वरूप ₹15,573 करोड़ का कर पश्चात लाभ (पीएटी) हुआ है। इस वर्ष, हमने पिछले वर्ष के ₹10,289 करोड़ की तुलना में ₹10,463 करोड़ का लाभांश दिया है, जो हमारे पीएटी का 68% है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 67% अधिक है। यह भविष्य में हमारे विकास का मार्ग प्रशस्त करने के लिए लाभांश भुगतान को प्रतिधारित आय के साथ संतुलित करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**आपकी कंपनी ने वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान 1:3 के अनुपात में बोनस शेयर जारी किए हैं।**

हम भारत में पारेषण प्रणाली में अपनी अग्रणी स्थिति बनाए हुए हैं और ऊर्जा परिवर्तन को आगे बढ़ा रहे हैं। हमारा पारेषण नेटवर्क पूरे देश में फैला हुआ है, जिसमें 1,77,000 सर्किट किलोमीटर से अधिक की पारेषण लाइनें और 278 उप–केन्द्र शामिल हैं, जिनकी परिवर्तन क्षमता 5,27,000 एमवीए से अधिक है। हमारी अंतरक्षेत्रीय क्षमता लगभग 99,580 मेगावाट है, जो देश की कुल अंतरक्षेत्रीय क्षमता का 84% है।

यह मजबूत बुनियादी ढांचा 765केवी और 400केवी ईएचवीएसी उपकेन्द्र, एलसीसी के साथ–साथ वीएससी एचवीडीसी स्टेशन और एसवीसी और स्टैटकॉम का उपयोग करने वाली उन्नत प्रतिक्रियाशील ऊर्जा प्रबंधन प्रणालियों जैसी अत्याधुनिक तकनीकों द्वारा समर्थित है।

पर्यावरणीय पदचिह्न को कम करने की हमारी प्रतिबद्धता सीमित भूमि वाले क्षेत्रों के लिए 765केवी तक की तकनीक का उपयोग करने वाले जीआईएस उपकेन्द्रों के फ्लीट से स्पष्ट है।

सुरक्षित ऊर्जा परिवर्तन को सक्षम बनाने के लिए उच्च पारेषण प्रणाली की उपलब्धता आवश्यक है। पिछले साल, हमने 99.85% पारेषण प्रणाली की उपलब्धता सुनिश्चित की, जो वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक है, और हमारी ट्रिपिंग दरें भी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ में से एक हैं। हमारे तकनीकी विशेषज्ञ भारत की विद्युत पारेषण प्रणाली की उपलब्धता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास करते हैं।

हमारी विशाल पारेषण प्रणाली का कुशल संचालन और नियंत्रण राष्ट्रीय पारेषण परिसंपत्ति प्रबंधन केंद्र (एनटीएएमसी) और क्षेत्रीय पारेषण परिसंपत्ति प्रबंधन केंद्रों (आरटीएएमसी) के माध्यम से प्रबंधित किया जाता है। प्रौद्योगिकी अपनाने की हमारी प्रतिबद्धता वर्ष के दौरान अनुसंधान एवं विकास तथा नवाचार पहलों पर किए गए ₹218.07 करोड़ के हमारे व्यय में परिलक्षित होती है। हमने अपनी परिसंपत्तियों का डिजिटल मानचित्रण किया है तथा विश्वसनीयता केन्द्रित रखरखाव के कार्यान्वयन के माध्यम से हम अपनी परिसंपत्ति जोखिमों की निगरानी, विश्लेषण तथा प्रभावी प्रबंधन करने में सक्षम बने हैं। मानेसर में स्थित हमारा नियंत्रण केन्द्र, नियंत्रण तथा सुरक्षा प्रणालियों के लिए उत्कृष्टता का केन्द्र है, जो हमारे पारेषण नेटवर्क की सुरक्षा तथा विश्वसनीयता सुनिश्चित करता है। हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि पावरग्रिड एक परिसंपत्ति प्रबंधन प्रदर्शन प्रणाली को कार्यान्वित करने की प्रक्रिया में है, जिसका उपयोग वैश्विक स्तर पर अग्रणी उपयोगिताओं द्वारा किया जाएगा, जिससे परिचालन लागत में कम से कम 10% की कमी आने की उम्मीद है, जबकि इससे विश्वसनीयता, सुरक्षा तथा जोखिम प्रबंधन में वृद्धि होगी।

**आपकी कंपनी दुनिया की सबसे बड़ी पारेषण उपयोगिता बन गई है, जिसे ISO–55001 प्रमाणन प्राप्त हुआ है, जो परिसंपत्ति प्रबंधन प्रथाओं के लिए वैश्विक मानक है।**

आपकी कंपनी ने भारत में पारेषण परियोजनाओं के विकास में अपनी अग्रणी स्थिति बनाए रखी है। वित्त वर्ष 2024 में, हमने ₹8,800 करोड़ के परियोजना निष्पादन टारगेट को हासिल करने का लक्ष्य रखा है। अपने भागीदारों के मूल्यवान समर्थन के साथ, हमने उम्मीदों को पार करते हुए ₹12,500 करोड़ का कैपेक्स हासिल किया, जो हमारे लगभग ₹2,75,000 करोड़ सकल ब्लॉक मूल्य के 4% से अधिक है। वर्ष के दौरान, पावरग्रिड ने 4,036 सर्किट किलोमीटर अतिरिक्त उच्च वोल्टेज पारेषण लाइनें, 19,720 एमवीए की परिवर्तन क्षमता और छह नए उपकेन्द्र जोड़े हैं। शुरू की गई प्रमुख परियोजनाओं में पावरग्रिड नीमच ट्रांसमिशन लिमिटेड, 400 केवी मोहनलालगंज उपकेन्द्र और 400 केवी डी/सी लोअर सुभानसिरी – बिस्वनाथ चरियाली –II साथ ही 400 केवी 2Xडी/सी खेतड़ी–भिवाड़ी और कई अन्य शामिल हैं।

आपकी कंपनी ने औसत लागत बनाए रखते हुए और समय की अधिकता को उद्योग मानकों से काफी नीचे रखते हुए असाधारण परियोजना प्रबंधन कौशल का प्रदर्शन किया है। कठिन भूभागों, मौसम की चरम स्थितियों और आरओडब्ल्यू मुद्दों से संबंधित कई चुनौतियों के बावजूद यह संभव हो पाया है। इन चुनौतियों को पार करने में प्रौद्योगिकी का उपयोग, सक्रिय नीति एडवोकेसी और सक्रिय योजना महत्वपूर्ण रही है।

संधारणीय विकास की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप, हमने अपने मुख्य व्यवसाय संचालन में ईएसजी सिद्धांतों को एकीकृत किया है और अपने ईएसजी विजन और लक्ष्यों को अपनाया है। हम 2047 तक नेट जीरो उत्सर्जन, 2025 तक नवीकरणीय स्रोतों से 50% ऊर्जा खपत करने, 2030 तक लैंडफिल में शून्य अपशिष्ट और 2030 तक नेट जल पौजिटिव होने के अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। इस वर्ष, हमने स्कोप 1 उत्सर्जन में कमी देखी और अपने व्यावसायिक संचालन में डीजल वाहनों के स्थान पर इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग शुरू करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। इसके अतिरिक्त, हमारी उपयोगिताओं में वर्षा जल संचयन प्रणाली क्रियांवित हो गई है।

हमारी मजबूत नीतियों से ईएसजी के प्रति हमारी प्रतिबद्धता प्रत्यक्ष होती है, जिसमें ईएसजी नीति, जल प्रबंधन नीति और अपशिष्ट प्रबंधन नीति के साथ–साथ हमारी आपूर्तिकर्ता आचार संहिता शामिल है। हम निरंतर हरित विकल्पों को अपनाने का प्रयास कर रहे हैं, जैसे कि एसएफ6 गैस को चरणबद्ध तरीके से खत्म करना और अपने पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए डिजिटल उपकेन्द्र और ड्रोन पैट्रोलिंग जैसी तकनीकों को अपनाना।

भविष्य को ध्यान में रखते हुए, हम अपनी मूल्य श्रृंखला में ईएसजी प्रकटीकरण को शामिल करने की तैयारी कर रहे हैं, जो संधारणीय व्यावसायिक प्रथाओं के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगा। नीमराना में स्थित हमारी ग्रीन हाइड्रोजन पायलट परियोजना का उद्देश्य भविष्य में वाणिज्यिक–पैमाने की परियोजनाओं की योजनाओं के साथ ग्रीन हाइड्रोजन प्रौद्योगिकियों में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है। इसके अतिरिक्त, हम नागदा में 85एमडब्ल्यू/105एमडब्ल्यूपी की क्षमता वाली एक सौर ऊर्जा परियोजना को क्रियान्वित कर रहे हैं।

**आपकी कंपनी को भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा रिश्वत विरोधी प्रबंधन प्रणाली (एबीएमएस) आईएस/आईएसओ 37001 प्रमाणन प्रदान किया गया है। यह शासन और ईमानदारी के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाता है।**

₹110,000 करोड़ से अधिक की मजबूत ऑर्डर बुकिंग के साथ, हम आने वाले वर्षों में अधिक पूंजीगत व्यय की उम्मीद करते हैं। हम वित्त वर्ष 2025 में लगभग ₹18,000 करोड़ के पूंजीगत व्यय लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। वित्त वर्ष 2024 में, पावरग्रिड ने उत्तरी, पश्चिमी और दक्षिणी क्षेत्रों में 13 आईएसटीएस टीबीसीबी परियोजनाएँ की। एनसीटी लागत के संदर्भ में, ये परियोजनाएँ वित्त वर्ष 2023–24 में कुल परियोजना बोलियों का लगभग 65% प्रतिनिधित्व करती हैं, जिसमें कुल वार्षिक टैरिफ का 64% शामिल है। कैबिनेट ने वित्त वर्ष 2023–24 में लद्दाख के लिए ग्रीन ऊर्जा गलियारा को मंजूरी दी है, जिसमें पैंग और लेह में संबद्ध एसी

ट्रांसमिशन लाइनें सहित पैंग से कैथल तक एचवीडीसी और वीएससी स्टेशन शामिल हैं।

हमने लगभग ₹10,000 करोड़ की लागत वाली अंतरराज्यीय पारेषण परियोजनाओं को विकसित करने के लिए राजस्थान के आरवीपीएनएल के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। एपीट्रांस्को, असम और उत्तर प्रदेश में भी इसी तरह की कार्रवाई चल रही है, जो अंतरराज्यीय पारेषण प्रणाली विकसित करने की हमारी योजना को दर्शाता है। हमने आरडीएसएस योजना के तहत स्वीकृत लद्दाख यूटी के सीमावर्ती क्षेत्र के कार्यों को लागू करने के लिए लद्दाख पावर डेवलपमेंट डिपार्टमेंट (एलपीडीडी) के साथ एक पूरक समझौते पर भी हस्ताक्षर किए हैं।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर, पावरग्रिड ने दक्षिण एशिया, मध्य एशिया, अफ्रीका और यूरोप के 23 देशों में अपनी मजबूत उपस्थिति स्थापित की है, और कुछ सबसे दुर्गम भौगोलिक क्षेत्रों में सफलतापूर्वक परियोजनाएं शुरू की हैं। केन्या में पीपीपी मोड में पहली पारेषण परियोजना विकसित करने के लिए अफ्रीका 50 के साथ हमारी साझेदारी हमारी पहुंच का विस्तार करने की हमारी प्रतिबद्धता का उदाहरण है। हम वर्तमान में कई अंतर्राष्ट्रीय कार्यकलाप कर रहे हैं, जिसमें तंजानिया में टीएएनईएससीओ, अफ्रीका में जाम्बिया पारेषण लाइन, फिजी में पारेषण लाइन निर्माण, युगांडा में यूईटीसीएल के लिए कार्य और अंतर्राष्ट्रीय क्रॉस–बॉर्डर इंटरकनेक्शन के लिए नेपाल गोरखपुर बुटवल पारेषण लाइन शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, अंतर्राष्ट्रीय परामर्श खंड, केन्या की हमारी परियोजनाएं प्रगति कर रही हैं; हमें सैद्धांतिक रूप से मंजूरी मिल गई है और अंतिम विवरणों पर कार्रवाई चल रही है, जल्द ही काम शुरू होने की उम्मीद है। हम सौर ऊर्जा उत्पादन, स्मार्ट मीटरिंग और आंकड़ा केन्द्र सहित अपने अन्य व्यावसायिक कारोबारों में अच्छी प्रगति की उम्मीद करते हैं।

इन उपलब्धियों पर गर्व करने के साथ–साथ, हम पावरग्रिड द्वारा वर्ष के दौरान प्राप्त की गई पहचान पर भी गर्व महसूस करते हैं, जिसमें प्लैट्स ग्लोबल एनर्जी पुरस्कार, अंतर्राष्ट्रीय सीएसआर पुरस्कार और ब्रैंडन हॉल ग्रुप ह्यूमन कैपिटल मैनेजमेंट पुरस्कार शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, हमें मानव पूंजी उत्कृष्टता और शिक्षण विकास के लिए एसएचआरएम एचआर उत्कृष्टता पुरस्कार जैसे पुरस्कार मिले हैं। उल्लेखनीय है कि हमें तीसरी बार प्रतिष्ठित एडीटी बेस्ट पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया है, जो उद्यम–व्यापी सफलता प्राप्त करने के लिए प्रतिभा विकास के हमारे रणनीतिक उपयोग को उजागर करता है। व्यापक सीएसआर कार्यक्रमों के माध्यम से समुदाय को जोड़ने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता ने कई लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है और हम उन क्षेत्रों में जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए समर्पित हैं जहाँ हम संचालन करते हैं।

इस अवसर पर मैं कंपनी के प्रति अपने सभी कार्मिकों के समर्पण के लिए, विशेष रूप से हमारी महिला कार्मिकों को अपना हार्दिक आभार व्यक्त करना चाहता हूँ। विशेष रूप से, स्टेम में कार्य कर रही महिलाएँ हमारी कुल महिला कार्यबल का 80% हिस्सा हैं, और पावरग्रिड में कुल कार्यबल का 8% हिस्सा महिलाएँ हैं।

निदेशक मंडल और पावरग्रिड की पूरी टीम की ओर से, मैं आपके निरंतर विश्वास और समर्थन के लिए हार्दिक उद्गार व्यक्त करता हूँ। हम आपके, हमारे मूल्यवान शेयरधारकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य सृजन हेतु समर्पित हैं, और मैं विकास और उत्कृष्टता की इस यात्रा पर चलते हुए आपकी निरंतर सहभागिता की आशा करता हूँ।

पावरग्रिड में आपके विश्वास के लिए धन्यवाद।

**आपका,**

(रवीन्द्र कुमार त्यागी)

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

दिनांकः 31 जुलाई, 2024

स्थानः गुरुग्राम